**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 03/07/2022

## प्रकाशनार्थ

उच्चतर शिक्षा आयोग में अंग्रेजी विभाग का जलवाय असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयनित हुए आधा दर्जन से अधिक छात्र

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (यूपीएचईएससी) के अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर का अंतिम परिणाम शनिवार को घोषित हुआ, जिसमें दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से आधा दर्जन से अधिक छात्र चयनित हुए।

विभाग की प्राची सिंह,, प्रीति यादव, कुशहर साहनी, अरुण यादव, रेनू ,सीमा जायसवाल आदि अनुदानित महाविद्यालयों के लिए सहायक आचार्य पद पर चयनित हुए हैं, जिसके लिए लिखित एवं मौखिक परीक्षा का आयोजन आयोग द्वारा किया गया था। इन सभी सफल छात्र–छात्राओं को विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ला ने फोन पर बधाई दी.विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि छात्रों की सफलता से अंग्रेजी विभाग का गौरव बढ़ा है। शिक्षा के क्षेत्र में सहायक आचार्य बनाना प्रत्येक शोधार्थी का सपना होता है। विश्वविद्यालय का अंग्रेजी विभाग छात्रों को उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने के लिए लगातार प्रयास करता रहा है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अंग्रेजी विभाग उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर पद की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए विभाग में मॉक इंटरव्यू का सीरीज करा चुका है ताकि छात्र अपने मुख्य साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

प्रो. अजय शुक्ला ने यह भी बताया कि अभी दो दिन पूर्व ही अंग्रेजी विभाग के तीन शोधार्थियों प्राची सिंह, अजीत सिंह और देवेश चतुर्वेदी का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित जीआईसी प्रवक्ता पद पर भी चयन हुआ है।

सफल अभ्यर्थी बोले, मॉक इंटरव्यू बना मददगार

गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर पद की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए मार्च, अप्रैल एवं मई माह की अलग–अलग तिथियों में मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया गया था, जिसमें अभ्यर्थियों का पैनल द्वारा साक्षात्कार लिया गया और आगे उनकी कमियों को रेखांकित करते हुए उसमें सुधार के निर्देश भी दिए गए। इसमें लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने बड़े उत्साह से सहभागिता की थी।

चयनित अभ्यर्थी प्राची सिंह ने अपने सफलता का श्रेय विभागाध्यक्ष एवं गुरुजनों को देते हुए बताया कि विभाग द्वारा आयोजित किये गए मॉक इंटरव्यू से कॉन्फिडेंस आया और अंतिम साक्षात्कार के लिए तैयारी करने एवं अपनी कमियों को सुधारने में बहुत मदद मिली। अन्य चयनित छात्रा प्रीति यादव ने भी बताया कि इंटरव्यू के लिए मॉक इंटरव्यू की तैयारी कराने की विभागीय पहल से आयोग के साक्षात्कार में अच्छा प्रदर्शन कर मिला। इसी तरह अन्य सफल अभ्यर्थियों ने भी इस पहल को काफी सराहनीय और बेहतर परिणाम देने वाला बताया।अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ला ने मॉक इंटरव्यू आयोजित करने के सम्बंध में बताया कि कुलपति प्रो. राजेश सिंह जी गुणवत्ता और परिणाम अच्छा करने के लिए लगातार नवाचार को प्रोत्साहित करते रहते हैं। इसी प्रेरणा से अंग्रेजी विभाग ने अपने छात्रो को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने के लिए कई तरह के प्रयोग किये, इसमें मॉक इंटरव्यू बहुत महत्वपूर्ण रहा। इससे छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने एवं कमियों को सुधार करने में मदद मिली। लिखित परीक्षा को लेकर भी तमाम सुझाव दिए गए।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur